**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**08 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी सहित 22 प्रस्ताव पारित। अब शिक्षामित्रों को 18 हजार और अंशकालिक अनुदेशकों को 17 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा मानदेय।
- प्रदेश में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्ट टैबलेट वितरित करेगी सरकार। कैबिनेट की बैठक में 25 लाख स्मार्ट टैबलेट की खरीद को मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर आगरा योजना में 10 टाउनशिप सहित 324 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– इस वर्ष के अंत तक पूरा किया जाएगा आगरा मेट्रो का सेकंड फेज।
- प्रदेश में यातायात को सुगम बनाने के लिए 20 जिलों के 172 सबसे व्यस्त मार्गों पर तैनात होंगे रूट मार्शल

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी सहित बाइस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के बाद राज्य के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह और वन मंत्री अरुण सक्सेना ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी दी। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों के मानदेय को अब बढ़ाकर अट्ठारह हजार रुपए प्रतिमाह और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाकर अब सत्रह हजार रुपए प्रति माह कर दिया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय बीते एक अप्रैल दो हजार छब्बीस से प्रभावी होगा।

**कैबिनेट के सामने इस प्रस्ताव को प्रस्तुत किया गया। शिक्षा मित्रों के लिए जो उनका मानदेय दो हजार सत्रह में बढ़ा करके दस हजार किया गया था, हमारी सरकार के द्वारा 3500 से उसको अब दो हजार छब्बीस में बढ़ा करके दस हजार से अठारह हजार रुपये करने का प्रस्ताव माननीय कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कैबिनेट की अनुमति हम सब लोगों को मिली है।**

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश सरकार 25 लाख स्मार्ट टैबलेट खरीदेगी। इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी। यह टैबलेट उत्तर प्रदेश में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

**इसके लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था बजट में पिछले वर्ष भी की गई थी इस वर्ष भी है। अभी तक 60 लाख स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं और यह 25 लाख और इसमें विशेष रूप से वो लोग जो फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स हैं, चाहे वो तकनीकी शिक्षा के हों, चाहे स्वास्थ्य शिक्षा के या कौशल विकास प्रशिक्षण या प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं आईटीआई तथा सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत जो कुशल युवा वर्ग तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए इन लोगों को मुफ्त में टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।**

बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के आठ प्रस्तावों और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों के विकास के द्वितीय चरण को मंजूरी दे दी गई । कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति–दो हजार बाईस के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की संस्तुतियों को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट ने जनहित के कई अन्य महत्वपूर्ण फैसलों पर भी मुहर लगा दी। एक रिपोर्ट–

**कैबिनेट ने गोरखपुर में उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना को भी मंजूरी दे दी। चार सौ इक्यानबे करोड़ रूपये से अधिक की लागत से यह विश्वविद्यालय कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग पचास हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जायेगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरूण ने बताया कि डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत राज्य के सभी चार सौ तीन विधानसभा क्षेत्रों में दस–दस आम्बेडकर स्थलों का विकास और सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। इसके तहत चार सौ तीन करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट बैठक में बलिया जिले में बहुप्रतिक्षित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना को भी मंजूरी मिली है। यह मेडिकल कॉलेज महर्षि भृगु के नाम पर स्थापित होगा। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मंत्रिमंडल ने ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को भी पारित कर दिया। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर और बिजनौर में भारत पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए परिवारों को भारतीय नागरिकता के लिए पात्रता के सम्बंध के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आगरा विकास प्राधिकरण की पांच हजार एक सौ बयालीस करोड़ रुपये की ग्रेटर आगरा योजना में आधुनिक सुविधायुक्त दस टाउनशिप और एक हजार तीन सौ चौबीस करोड़ रुपये की तीन सौ चौबीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक आगरा मेट्रो के सेकंड फेज को पूरा किया जाएगा। साथ ही आगरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का तोहफा भी दिया जाएगा।

इससे पहले, मुख्यमंत्री मथुरा में संत मलूकदास जी महाराज की 452वीं जयंती पर आयोजित श्री सीताराम निकुंज अष्टयाम लीला महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने सदैव जन चेतना को जागरूक किया है। सरकार ने भी ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन कर अपनी परंपरा को संरक्षित करने का काम किया है।

**यहां के दिव्य तीर्थ मथुरा है, वृंदावन है, बरसाना है, गोवर्धन है, गोकुल है, नंदगांव है। ये सभी हम सबके लिए एक नई प्रेरणा है। बलदेव है और इसीलिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन करके इन सभी क्षेत्रों में अपनी विरासत का संरक्षण करते हुए, पूज्य संतों के मार्गदर्शन में उसके उन्नयन के लिए कुछ हो सके तो यह डबल इंजन की सरकार कुछ अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। विकास तभी सार्थक है जब विरासत रहेगी।**

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है।

**पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी की सप्लाई सामान्य है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स पर कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है इसी तरह सारे पेट्रोल पंप भी नॉर्मल ऑपरेट कर रहे हैं। एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी नॉर्मल है। ऑनलाइन बुकिंग लगभग 96 प्रतिशत है और डीएसी और ओटीपी बेस्ड डिलीवरी लगभग 90 प्रतिशत तक है।**

सुश्री शर्मा ने बताया कि सरकार ने पांच किलो के एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री दोगुना करने का नया आदेश जारी किया है।

**********

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए बतौर पायलट प्रोजेक्ट बीस जनपदों के एक सौ बहत्तर सबसे व्यस्त मार्गों पर सिटी रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन स्कीम कल से लागू कर दी गई। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित मार्ग पर सुगम यातायात संचालन के लिये रूट मार्शल तैनात किए जाएंगे। इन रूट मार्शल का लक्ष्य थाना प्रभारी के साथ मिलकर अपने मार्ग पर पीक आवर्स में ट्रैवल टाइम को कम करना होगा।

**यह स्कीम आज बीस नगरों में एक सौ सत्तर मार्ग पर लागू की जा रही है और इसमें भी अगले दो तीन महीनों में हमारे नागरिकों को सुगमता से उन सभी स्ट्रेचेस पर अपना मोवमेंट कर पाएंगे। जहां जहां पर पीक टाइम है, उसमें कमी आएगा और एक योजनाबद्ध तरीके से यह ट्रैफिक के संचालन में सुधार आएगा।**

**********

प्रदेश के कई पश्चिमी और पूर्वी जिलों के मौसम में पिछले चौबीस घंटे के दौरान बदलाव देखने को मिला है। कई जिलों में कल शाम से ही तेज आंधी के बाद गरज चमक के साथ बूंदाबादी से लेकर बारिश होने की खबर है। कौशाम्बी में देर रात से ही रिमझिम बारिश हो रही है। अयोध्या में बूंदाबादी रिकॉर्ड की गयी। जौनपुर में कल देर रात तेज आंधी आयी जिससे कई पेड़ गिर गये। मौसम के इस बदलाव के चलते गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग की ओर आज पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों में हो रही बारिश पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम विपरीत है, ऐसे में प्रशासनिक अधिकारी निरंतर किसानों के सम्पर्क में रहें।

**********